# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

विशेषांक

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 14 | अंक 5 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर गुरुवार, 18 जून 2026


# G7 समिट में पीएम मोदी ने उठाया भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा

**पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समुद्री सुरक्षा पर भारत की दो टूक, निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता**



कनाडा में आयोजित के दौरान प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक व्यापार मार्गों पर मंडरा रहे खतरों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। अपने संबोधन में उन्होंने हालिया सैन्य घटनाक्रम के दौरान भारतीय नाविकों की हुई मौत का मुद्दा भी मजबूती से उठाया।

## ट्रंप की मौजूदगी में जताई चिंता

### भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि विदेशों में काम कर रहे भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीयों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी।

### G7 में भारत की बढ़ती भूमिका

हालांकि भारत G7 का स्थायी सदस्य नहीं है, लेकिन दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक मुद्दों पर बढ़ते प्रभाव के कारण उसे लगातार विशेष आमंत्रित देश के रूप में बुलाया जाता रहा है। इस बार भी भारत ने ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक दक्षिण के हितों, आपूर्ति श्रृंखला और अंतरराष्ट्रीय शांति जैसे विषयों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। G7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाना भारत की मानवीय और कूटनीतिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने एक बार फिर संवाद, शांति और समुद्री सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए वैश्विक समुदाय का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया।

# राम मंदिर केस में अयोध्या से लखनऊ तक हड़कंप

## SIT की 8 घंटे की जांच, चंपत राय पर लगा करोड़ों की नजूल जमीन का आरोप

अयोध्या में स्थित राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय गड़बड़ी मामले में विशेष जांच दल (SIT) ने मंगलवार को कई लोगों से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। एसआईटी सोमवार को करीब 7-8 घंटे तक राम मंदिर परिसर में रही थी और मंगलवार पूर्वाह्न 10 बजे से दोबारा जांच शुरू की।

### सूत्रों ने बताया

कि जांच के दौरान एसआईटी ने मंदिर प्रबंधन से जुड़े 10 से अधिक लोगों से पूछताछ की, जिनमें राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारी गोपाल राव और कई अन्य प्रमुख लोग शामिल हैं। पूर्व कारसेवक संतोष दुबे ने ट्रस्ट के अधिकारी पर दर्ज कराई शिकायतएसआईटी सदस्यों और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के बीच किसी बातचीत की अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच इस मामले में राम शंकर उर्फ टीनू यादव का नाम सामने आया है जिन्होंने मीडिया से बात करते हुए पूरे मामले में अपनी संलिप्तता के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया और खुद को निर्दोष बताया। टीनू यादव ने कहा कि जिस



कमरे में नकदी की गिनती हुई, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है और उसके प्रभारी दूसरे लोग हैं। अयोध्या के प्रमुख हिंदू नेता, पूर्व कार सेवक और बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी के साथ मुख्य आरोपी रहे संतोष दुबे ने मंगलवार को इस मामले में राम जन्मभूमि थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में ट्रस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी को मामले में आरोपी बताया है। संजय सिंह ने शेयर किए पेपर, जांच में जुटी 3 सदस्यीय SITउत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने भी मंगलवार को राम जन्मभूमि थाने में ऐसी ही एक शिकायत दर्ज कराई है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (AAP) के सांसद संजय सिंह ने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर 24 करोड़ की जमीन खरीदने का आरोप लगाया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा व्यवस्था

इंदौर। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (President Draupadi Murmu) 18 से 21 जून तक मध्यप्रदेश (Madhya Pradesh) के दौरे पर रहेंगी। अपने दौरे के पहले दिन 18 जून को राष्ट्रपति इंदौर (Indore) पहुंचेंगी, जहां से वे सीधे ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगी। इस दौरान वे भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होंगी, जिसे लेकर इंदौर जिला प्रशासन पुलिस और राष्ट्रीय सिक्योरिटी एजेंसियों ने संभावित स्थलों का दौरा किया। राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु के प्रस्तावित दौरे को लेकर इंदौर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के लिए निर्धारित एसओपी, सुरक्षा प्रोटोकॉल और सभी मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। दौरे से पूर्व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रिहर्सल भी किया गया, जिसमें राष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके आवागमन मार्ग और कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

# काम दिलाने का झांसा देकर महिला के चांदी के गहने हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खुशबू श्रीवास्तव**



इंदौर। चंदन नगर पुलिस ने मजदूरी दिलाने का झांसा देकर महिला के चांदी के आभूषण हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 500 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 12 जून 2026 को एक महिला खजराना चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़ी थी। इसीh दौरान एक युवक ने उसे चंदन नगर क्षेत्र के आगे स्थित जैन मंदिर में खाना बनाने का काम दिलाने का लालच दिया और प्रतिदिन 600 रुपये मजदूरी मिलने की बात कही। महिला उसकी बातों में आ गई और आरोपी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर चली गई।

आरोपी महिला को ग्राम सिंहासा ले गया, जहां उसने मंदिर में गहने पहनकर काम करने की अनुमति नहीं होने की बात कहकर महिला से चांदी के आभूषण उतरवा लिए। इसके बाद मंदिर में बात करने का बहाना बनाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत पर थाना चंदन नगर में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त जोन-4 सुनील मेहता के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दीशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने महिला द्वारा बताए गए मार्ग पर लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी एवं उसकी मोटरसाइकिल की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से लगभग 500 ग्राम चांदी के कड़े बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र राठौर (32) निवासी राऊ, इंदौर के रूप में हुई है। पुलिस उससे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोला, प्रधान आरक्षक बलराम एवं आरक्षक अरुण जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भोपाल मध्य प्रदेश में महाराणा प्रताप जयंती एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन

**राजेंद्र राजपूत**





**भोपाल। मध्य प्रदेश में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती का पर क्षत्रिय राजपूत समाज के द्वारा विशाल वाहन रैली एवं श्री राष्ट्रीय राजपूत वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान सेवा के का आयोजन किया गया जिसमें सभी राजपूत छतरी भाइयों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ इसमें क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा एवं वरिष्ठ सामाजिक भाइयों का सम्मान किया गया एवं सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र से सम्मानित किया।**

# डिजिटल डाकघर का दम, लेकिन पोस्टल ऑर्डर हुआ गुम!

**हेमंत कुमार भार्गव**

करैरा में उपभोक्ता लगा रहे चक्कर, जिम्मेदार बेखबर करैरा। एक ओर केंद्र सरकार और केंद्रीय संचार मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से देशभर के डाकघरों का आधुनिकीकरण कर उन्हें डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर करैरा उप डाकघर में एक बुनियादी सेवा पोस्टल ऑर्डर की अनुपलब्धता उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जानकारी के अनुसार करैरा उप डाकघर में लंबे समय से 50 रुपये का पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध नहीं है। जब इस संबंध में उप डाकघर के जिम्मेदार कर्मचारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इसके लिए हेड ऑफिस शिवपुरी से संपर्क किया जाए। वहीं शिवपुरी स्तर पर भी पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध न होने की बात सामने आई।

**स्थानीय उपभोक्ताओं** भारत कुमार शर्मा का कहना है कि उन्हें पोस्टल ऑर्डर लेने के लिए कई-कई बार उप डाकघर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही जवाब मिलता है कि पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध नहीं हैं।

हेमंत कुमार उपभोक्ताओं ने बताया कि वे दस-दस बार उप डाकघर पहुंचे, लेकिन एक बार भी उन्हें पोस्टल ऑर्डर नहीं मिल सका।

**डाकघरों में डिजिटल सुविधाएं तो हैं, लेकिन मूलभूत सेवा गायब-** विडंबना यह है कि डाक विभाग डिजिटल इंडिया के तहत ऑनलाइन और आधुनिक सेवाओं का प्रचार-प्रसार कर रहा है, लेकिन आज भी अनेक शासकीय और वैधानिक कार्यों में उपयोग होने वाला पोस्टल ऑर्डर उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को डिजिटल सुविधा के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर नजर आ रहा है।

### हकीकत

"डाकघर अब डिजिटल हो गए हैं, कंप्यूटर चमक रहे हैं, इंटरनेट दौड़ रहा है, लेकिन पोस्टल ऑर्डर शायद किसी डिजिटल फाइल में अटक गया है। उपभोक्ता काउंटर पर खड़े हैं और जवाब मिल रहा है—'हेड ऑफिस में पूछ लो'। सवाल यह है कि जब एक साधारण पोस्टल ऑर्डर की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो फिर आम आदमी आखिर अपनी शिकायत किस डाक से भेजे?" स्थानीय नागरिकों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि करैरा सहित जिले के सभी उप डाकघरों में पोस्टल ऑर्डर की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# थाना रायपुरिया पुलिस को बड़ी सफलता-चोरी एवं लूट की तीन वारदातों का खुलासा, 5.20 लाख का मशरूका बरामद

**सलीम हुसैन**

झाबुआ। थाना रायपुरिया पुलिस ने चोरी एवं लूट की तीन अलग-अलग वारदातों का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 5.20 लाख मूल्य का मशरूका बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

### घटना का विवरण

**1.कस्बा झकनावदा में चोरी की घटना**

दिनांक 21 दिसंबर 2025 को रात्रि लगभग 9 बजे एक परिवार मेला देखने गया हुआ था। सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर लगभग 50 हजार नगद एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रायपुरिया में अपराध क्रमांक 326/25, धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**2. राम मंदिर से चोरी की घटना**

दिनांक 17 मार्च 2026 को ग्राम सेमरोड़, चौकी झकनावदा क्षेत्र स्थित राम मंदिर में दर्शन करने के बहाने प्रवेश कर अज्ञात बदमाशों ने भगवान की प्रतिमा पर लगे चांदी के मुकुट, छत्र एवं चांदी की चेन चोरी कर ली थी।

3.ग्राम बनी में लूट की घटना- दिनांक 26 अप्रैल 2026 को ग्राम बनी, थाना रायपुरिया क्षेत्र में सुबह 7 से 8 बजे के बीच बकरा खरीदने जा रहे एक व्यक्ति से 75 हजार नगद लूटकर आरोपी फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना रायपुरिया पर अपराध क्रमांक 144/26, धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

पुलिस कार्रवाई-उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं एसडीओपी पेटलावद सुश्री अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन किया गया।

तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों पर लगातार निगरानी रखी गई। इसी दौरान झकनावदा क्षेत्र के अन्य संपत्ति संबंधी अपराध में लिप्त आरोपी रिजवान पिता रमजान खान निवासी झकनावदा एवं संग्राम पिता दरियाव सिंह निवासी भूरी घाटी को गिरफ्तार कर पूर्व में शत-प्रतिशत मशरूका बरामद किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने फरार साथियों आनंद पिता सुंदरलाल गुर्जर एवं फरीद पिता मोहम्मद हुसैन, निवासी झकनावदा के साथ मिलकर उक्त वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। फरारी के दौरान दोनों आरोपियों द्वारा सैलाना (रतलाम) में भी एक ज्वेलरी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। दोनों आरोपी सैलाना जेल में निरुद्ध थे, जिन्हें प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर पुलिस रिमांड में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर उनके खेत एवं कच्चे मकानों में छिपाकर रखे गए चोरी के आभूषण, नगदी तथा मंदिर से चोरी किए गए चांदी के मुकुट एवं छत्र बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपी

1. आनंद पिता सुंदरलाल गुर्जर, उम्र 25 वर्ष, निवासी झकनावदा।
2. फरीद पिता मोहम्मद हुसैन, उम्र 30 वर्ष, निवासी झकनावदा।

इनके दो अन्य साथी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जो वर्तमान में झाबुआ जेल में निरुद्ध हैं। बरामद मशरूका झकनावदा चोरी प्रकरण के सोने-चांदी के आभूषण अनुमानित मूल्य 4 लाख। मंदिर चोरी प्रकरण के 2 चांदी के मुकुट, 1 छत्र एवं 1 चांदी की चेन – अनुमानित मूल्य 1 लाख ग्राम बनी लूट प्रकरण की नगदी – 20 हजार।

कुल बरामद मशरूका मूल्य लगभग 5.20 लाख।

इस उत्कृष्ट एवं त्वरित सफलता पर पुलिस अधीक्षक झाबुआ द्वारा पूरी टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर गुरुवार, 18 जून 2026



# आयातित तुअर पर मंडी शुल्क छूट हेतु प्री-अराइवल स्लिप का प्रशिक्षण आयोजित







**खुशबू श्रीवास्तव**

**इंदौर।** श्रीमान प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के आदेशानुसार एवं संयुक्त संचालक प्रवीण वर्मा के मार्गदर्शन में, सचिव मंडी इंदौर ओ.पी. खेड़े द्वारा मंडी संयोगितागंज कार्यालय में दलहन व्यापारियों एवं प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के बाहर से आयातित दलहन (तुअर) पर मिलने वाली मंडी शुल्क छूट के संबंध में प्री-अराइवल स्लिप (Pre-Arrival Slip) की प्रक्रिया की जानकारी मंडी कर्मचारियों द्वारा विस्तारपूर्वक दी गई। व्यापारियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

मंडी प्रशासन ने बताया कि 25 जून 2026 से प्री-अराइवल स्लिप अनिवार्य रूप से लागू की जा रही है। इसके बाद प्रदेश के बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क छूट का लाभ केवल उन्हीं व्यापारियों को प्राप्त होगा, जिन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्री-अराइवल स्लिप प्राप्त की होगी। बिना प्री-अराइवल स्लिप के व्यापारियों को मंडी शुल्क छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा। कार्यक्रम में व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज काला, राजेश अग्रवाल, दलहन व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में दलहन व्यापारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। मंडी प्रशासन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे 25 जून 2026 से पूर्व प्री-अराइवल स्लिप की प्रक्रिया को समझकर उसका पालन सुनिश्चित करें, ताकि मंडी शुल्क छूट का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त किया जा सके।

# विमुक्त घुमंतू समाज के लिए दस्तावेज शिविर आयोजित, योजनाओं की दी जानकारी

**राजेश धाकड़**

इंदौर। घुमंतू कार्य जिला रामेश्वर द्वारा विमुक्त घुमंतू समाज के लोगों के लिए दस्तावेज शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के अनेक परिवारों को विभिन्न आवश्यक दस्तावेज बनवाकर वितरित किए गए तथा नए दस्तावेजों के निर्माण हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने का आह्वान किया। शिविर के माध्यम से दस्तावेजीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घुमंतू कार्य विभाग सह संयोजक श्री गिरधारी राठौड़ जी, भाजपा पार्षद श्रीमती प्रियंका चौहान, जिला संयोजक श्री पप्पू राठौड़ जी, दीपक चौहान, रोहन डिमोरिया, बलराम सिंह सरदार, सुनील राठौड़, सोनू चौहान, अजय राठौड़, पंचायत मंत्री आशीष द्विवेदी, भाजपा मंडल मंत्री हुकुम राठौड़, जसवंत जी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा दस्तावेज निर्माण एवं शासकीय योजनाओं संबंधी जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाया।

# गूड़र गांव में भीषण अग्निकांड: सिलेंडर विस्फोट से मासूम की मौत, चार गंभीर, गांव में मचा कोहराम

**अतुल जैन**

### आग और विस्फोट ने उजाड़ा परिवार, प्रशासन व जनप्रतिनिधि पहुंचे मौके पर

खनियाधाना। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गूड़र में बुधवार सुबह हुए भीषण अग्निकांड और गैस सिलेंडर विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। आग की इस दर्दनाक घटना में एक मासूम बालिका की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बन गया। घायलों का उपचार ग्वालियर में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 8 बजे प्रजापति परिवार के घर में महिला रसोई में नाश्ता तैयार कर रही थी। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही क्षणों में पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि घर में खेती-किसानी के कार्य के लिए डीजल भी रखा हुआ था, जिससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैलते हुए गैस सिलेंडर तक पहुंच गई। कुछ ही देर बाद जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। विस्फोट इतना भयावह था कि मकान की दीवारें और छत क्षतिग्रस्त हो गईं तथा आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। इस हादसे में 4 वर्षीय जानवी पुत्री प्राण सिंह प्रजापति की दर्दनाक मौत हो गई।



वहीं प्राण सिंह प्रजापति, रोशनी प्रजापति, शिवा प्रजापति तथा कल्ला उर्फ अंकेश पुत्र शिशुपाल आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर घायलों को मलबे और आग से बाहर निकाला तथा तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया तत्काल संज्ञान

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया ने तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा और स्वयं कलेक्टर शिवपुरी के साथ घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वैधानिक कार्रवाई एवं राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए।

### विधायक पीतम सिंह लोधी ने बंधाया ढाढस

हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक पीतम सिंह लोधी घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार तथा प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

(गांव में पसरा मातम, हर आंख हुई नम)

मासूम जानवी की असमय मौत से पूरे गूड़र गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। दमकल दल और प्रशासन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

### इनका कहना है

"सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुँचा। जाँच में पता चला है कि घर में काफी मात्रा में डीजल और पेट्रोल रखा हुआ था, जिससे आग इतनी तेजी से फैली कि मकान ध्वस्त हो गया। हमने घायलों को तुरंत शिवपुरी मेडिकल कॉलेज भेजा और वहां से ग्वालियर बर्न यूनिट के लिए रेफर कराया है। प्रशासन की प्राथमिकता घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करना है। मेरी लोगों से अपील है कि घरों में ज्वलनशील पदार्थों का अवैध भंडारण न करें, यह जानलेवा साबित हो सकता है।"

**अर्पित वर्मा, कलेक्टर शिवपुरी**

"मैं अपनी दुकान पर था, तभी गाँव वालों ने मुझे घर में आग लगने की सूचना दी। मैं भागते हुए घर पहुँचा, लेकिन तब तक आग सब कुछ खत्म कर चुकी थी। मेरी तीन साल की बच्ची स्कूल जाने की तैयारी में थी, वह हादसे का शिकार हो गई। मेरा भतीजा प्राण सिंह, उसकी पत्नी, उनका बेटा और एक अन्य बालक गंभीर रूप से झुलस गए हैं। प्रशासन ने उचित इलाज और सहायता का आश्वासन दिया है।"

**(पीड़ित परिवार जन)**

रणजीत टाइम्स इंदौर गुरुवार, 18 जून 2026


# प्रताप पराक्रम यात्रा को सफल बनाने वाले सभी समाजबंधुओं का आभार

**रणजीत टाइम्स | इंदौर**

**वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 483वीं जयंती एवं वीर बुंदेला महाराज छत्रसाल जू बुंदेला जी की 377वीं जयंती के उपलक्ष्य में 17 जून 2026 को मां करणी सेना द्वारा आयोजित "प्रताप पराक्रम यात्रा एवं विशाल वाहन रैली" सफलतापूर्वक संपन्न हुई।**

मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गोपाल गावंडे के विशेष निवेदन पर आयोजित इस भव्य यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, युवाशक्ति, मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

»» राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गोपाल गावंडे ने विशेष रूप से समाजसेवी नितिन सुर्वे जी एवं उनकी पूरी टीम, माननीय विधायक रमेश मेंदोला जी, दादा दयालु सहित सभी गणमान्य अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपना अमूल्य समय देकर इस ऐतिहासिक यात्रा में सहभागिता की, जिसके लिए समाज सदैव आपका ऋणी रहेगा।

»» इस अवसर पर रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 न्यूज़ की संपूर्ण टीम भी उपस्थित रही। विशेष रूप से रेणु कैथवास (इंदौर डेस्क इंचार्ज), दीपक वाडेकर (सह संपादक), आदित्य शर्मा (सह संपादक), राहुल विरकर, जीतू पालीवाल, कल्याण जी (धार), एडवोकेट विकास भारद्वाज, पूजा शर्मा एवं दिव्या दीवान ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

»» यात्रा में प्रमुख रूप से दीपक वाडेकर, राहुल विरकर, शिवा शुक्ला, देव कनारे, राजेश धाकड़, पुष्पेंद्र तोमर, रोहित नायक, पंकज रावत, पवन कुम्भकार, विजय मेतकर, जीतू पालीवाल, पूजा शर्मा, दिव्या दीवान, नेहा साहू, संगीता चौधरी, निशा मालवीय, शिव नैना पगारे, चेतना कैथवास, रेनू कैथवास, आदित्य शर्मा, शुभम कन्नौजिया, सन्नी बौरासी, आयुष भाले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

गोपाल गावंडे ने सभी उपस्थित समाजबंधुओं, युवाओं एवं मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास, वीरता और स्वाभिमान की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। आप सभी के सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल बन सका।

**जय महाराणा प्रताप! जय शिवाजी महाराज**
**जय महाराजा छत्रसाल!**
**जय माँ करणी!**















# प्रतिभा सम्मान समारोह-वर्ष 7 में संघर्षशील विद्यार्थियों का हुआ भव्य सम्मान, शिक्षा के प्रति समर्पण को मिला मंच





**राजेश धाकड़**

इंदौर। स्प्रेडिंग स्माइल्स संस्था द्वारा आयोजित "प्रतिभा सम्मान समारोह-वर्ष 7" का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर, श्रमिक एवं मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले उन मेधावी एवं संघर्षशील विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 40 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहे। उनके साथ इंदौर लोकसभा सांसद शंकर लालवानी, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, भाजपा नगर मंत्री स्वाति काशीद, भाजपा नगर मंत्री नेहा शर्मा, विधानसभा-5 के विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, पूर्व आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी गणेश चौधरी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष सम पावरी, समाजसेवी राहुल जैन, समाजसेवी अमित चावला, भाजपा नेता मनोज परमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर उनके परिश्रम और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से लैपटॉप, साइकिल एवं अन्य उपयोगी उपहार लॉटरी प्रणाली के माध्यम से वितरित किए गए। उपहार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर झलकती खुशी और उत्साह ने पूरे समारोह को यादगार बना दिया। संस्था के संरक्षक अशोक अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि, "हम मानते हैं कि हर बच्चे की मेहनत सम्मान की हकदार है। समाज में ऐसे हजारों बच्चे हैं जो अभावों के बीच रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिभा सम्मान का उद्देश्य केवल अंकों का सम्मान करना नहीं, बल्कि संघर्ष, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण को पहचान देना है। जब किसी विद्यार्थी को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाता है तो उसका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है।"

संस्था के अध्यक्ष राहुल लोदवाल ने कहा कि, "श्रमिक बस्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के सपनों को उड़ान देना ही स्प्रेडिंग स्माइल्स का मूल उद्देश्य है। कई माता-पिता दिनभर कठिन मेहनत कर अपने बच्चों को शिक्षित करते हैं। यह सम्मान केवल विद्यार्थियों का नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग, संघर्ष और उम्मीदों का भी सम्मान है। हमें विश्वास है कि आज सम्मानित हुए विद्यार्थी भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।" उन्होंने बताया कि संस्था पिछले सात वर्षों से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं प्रतिभा प्रोत्साहन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था अब तक हजारों विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर चुकी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, समाजसेवी, पत्रकार साथी एवं नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि सफलता केवल बड़े अंकों से नहीं मापी जाती, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानकर आगे बढ़ने का साहस, संघर्ष और शिक्षा के प्रति समर्पण ही वास्तविक प्रतिभा की पहचान है।

प्रतिभा सम्मान समारोह – वर्ष 7 न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि समाज को भी यह संदेश देने में सफल रहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करती है।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स साप्ताहिक अख़बार

जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026: इंदौर में 120 प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित

### शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने विद्यार्थियों को दी उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा

इंदौर। आजाद माइनॉरिटी स्कूल्स एसोसिएशन, आजाद नगर द्वारा "मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026" का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली समारोह में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 120 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। इसके बाद संस्था के सचिव अब्दुल हफीज बनारसी ने एसोसिएशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।




इस गरिमामयी समारोह में मुख्य रूप से शहर काजी डॉ. इशरत अली, हाजी शफी शेख, एडवोकेट मयूरी जैन, एडवोकेट शारिब खान, शेख शाकिर, सलमान हाशमी, अंसार पटेल और डॉ. अनीस सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी और विभिन्न स्कूलों के संचालक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और नैतिक शिक्षा का महत्व समझाया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अब्दुल हफीज बनारसी, जावेद खान और रमीज़ खान ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के समापन पर रागिब अहमद चौधरी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह समारोह शिक्षा, प्रतिभा सम्मान और आपसी सौहार्द का एक अनूठा और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर संपन्न हुआ।

# भाजपा का ग़ज़ब मीडिया संवाद....?

राजेश धाकड़

भोपाल के मिंटो हॉल में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य "मीडिया संवाद" का आयोजन किया गया। मंच सजा था, कुर्सियाँ सजी थीं, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपलब्धियों का पुलिंदा लेकर उपस्थित थे। उन्होंने सरकार की बारह वर्षों की उपलब्धियाँ गिनाईं। उपलब्धियाँ भी ऐसी-ऐसी कि कुछ देर के लिए लगा मानो बुद्धिजीवियों को बुद्धू बनाने का कोई विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा हो। वैसे "संवाद" शब्द का अर्थ होता है दो या दो से अधिक लोगों के बीच विचारों का आदान-प्रदान। संवाद का मतलब सवाल और जवाब दोनों होता है। संवाद का उद्देश्य समझ बढ़ाना, जिज्ञासाओं का समाधान करना और विभिन्न पक्षों को सुनना होता है। लोकतंत्र में मीडिया संवाद का अर्थ तो और भी व्यापक है, जहाँ पत्रकार जनता की ओर से सत्ता से सवाल करते हैं और सत्ता जवाब देती है। लेकिन भोपाल में आयोजित इस अद्भुत "मीडिया संवाद" ने संवाद की सारी पारंपरिक परिभाषाओं को नया रूप दे दिया। यहाँ संवाद कम और प्रवचन अधिक था।

पत्रकारों के कैमरे भीतर नहीं गए। मोबाइल फोन पर निगाहें थीं। रिकॉर्डिंग की अनुमति नहीं थी। सवाल पूछने की अनुमति नहीं थी। केवल बैठकर सुनना था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पत्रकार किसी प्रेस वार्ता में नहीं बल्कि किसी विशेष आध्यात्मिक कथा के श्रोता बनकर आए हों, जहाँ कथा वाचक बोलेंगे और श्रोता केवल सिर हिलाकर श्रद्धा प्रकट करेंगे। लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है। लेकिन यहाँ स्तंभ बनने से पहले ही उसे दर्शक दीर्घा में बैठा दिया गया। सबसे रोचक प्रसंग तो यह रहा कि यदि कोई काली शर्ट पहनकर पहुँच गया तो उसके प्रवेश पर भी सवाल खड़े हो गए। अब तक हमने नेताओं की नाकाबंदी, विरोध प्रदर्शनों पर पाबंदी और अघोषित आपातकाल जैसे शब्द सुने थे, लेकिन पत्रकारों की "वस्त्रबंदी" का यह नया अध्याय भी देखने को मिल गया। लगता है अब लोकतंत्र में विचारों के साथ-साथ रंगों की भी राजनीतिक वैधता तय की जाने लगी है। मीडिया संवाद में पत्रकारों की भूमिका वही थी जो रेडियो पर "मन की बात" सुनते समय श्रोताओं की होती है। फर्क सिर्फ इतना था कि वहाँ रेडियो होता है और यहाँ मंत्री महोदय स्वयं उपस्थित थे। सुनना अनिवार्य था, पूछना वर्जित था और रिकॉर्ड रखना भी लगभग अपराध जैसा प्रतीत हो रहा था।

अब प्रश्न यह है कि यदि पत्रकार सवाल नहीं पूछेंगे तो संवाद किस बात का? यदि कैमरे नहीं जाएंगे तो पारदर्शिता कहाँ है? यदि रिकॉर्डिंग नहीं होगी तो जवाबदेही कैसे तय होगी? और यदि केवल उपलब्धियाँ ही सुनाई जाएँगी तो फिर उसे प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों कहा जाए? उसे सीधे-सीधे "सरकारी उपलब्धि पाठ" नाम दे दिया जाए।

संभवतः आयोजकों को डर रहा होगा कि कहीं कोई असुविधाजनक प्रश्न माहौल खराब न कर दे। क्योंकि प्रश्नों की एक बुरी आदत होती है वे तथ्यों की मांग करते हैं। और कभी-कभी तथ्य भाषणों के साथ सहज नहीं बैठते। देश की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल हैं, बेरोजगारी पर सवाल हैं, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर सवाल हैं, नई शिक्षा नीति के प्रभाव पर सवाल हैं। स्वाभाविक था कि पत्रकार इन विषयों पर प्रश्न पूछते। लेकिन संवाद में प्रश्नों की जगह यदि केवल प्रशंसा का अधिकार हो, तो फिर वह संवाद नहीं, एकतरफ़ा प्रसारण बन जाता है। लोकतंत्र में सत्ता को सवालों से डरना नहीं चाहिए। सवाल विरोध नहीं होते, बल्कि जवाबदेही का माध्यम होते हैं। जिस दिन सत्ता सवालों को शत्रु समझने लगे और पत्रकारों को केवल श्रोता, उस दिन संवाद की आत्मा घायल हो जाती है।

भोपाल का यह आयोजन शायद आने वाले समय की पत्रकारिता का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है जहाँ पत्रकार आएँ, बैठें, सुनें, ताली बजाएँ और धन्यवाद देकर लौट जाएँ। न कोई प्रश्न, न कोई प्रतिप्रश्न, न कोई असहमति। और यदि यही पत्रकारिता का भविष्य है, तो फिर चिंता केवल मीडिया की नहीं, लोकतंत्र की भी है। क्योंकि जिस लोकतंत्र में संवाद की जगह प्रवचन ले ले, वहाँ प्रश्न पूछने वालों की संख्या कम होने लगती है और सुनने वालों की भीड़ बढ़ने लगती है।

बाकी भोपाल में पत्रकारिता की हालत देखकर इतना तो कहा ही जा सकता है कि वह अभी आईसीयू में है, कुछ लोग उसे वेंटिलेटर पर मान रहे हैं, और कुछ लोग उसकी नब्ज टटोलकर अभी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शायद कभी फिर कोई वास्तविक "मीडिया संवाद" देखने को मिले जहाँ पत्रकार सवाल पूछ सकें और सत्ता जवाब देने का साहस दिखा सके।

# बामौरकलां: अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत

अतुल जैन



खनियांधाना। तहसील के बामौरकलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंचनपुरा मोहल्ला के पास एक दुखद सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक विनोद अहिरवार (उम्र 40 वर्ष), जो गोराकलां, थाना चंदेरी के निवासी थे, बाइक (क्रमांक MP67MK0163) से कहीं जा रहे थे। 14 जून 2026 की सुबह लगभग 5:00 बजे कंचनपुरा मोहल्ला, पिछोर-चंदेरी रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद अहिरवार की पीठ में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना फरियादी चंदन अहिरवार (निवासी आजादनगर, बामौरकलां) को विनोद अहिरवार के मोबाइल से मिली। सूचना मिलते ही चंदन अहिरवार और सौरभ अहिरवार तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने विनोद अहिरवार को मृत अवस्था में पाया। इसके बाद मृतक के पुत्र जयदेव और सहदेव अहिरवार तथा अन्य परिजन भी मौके पर पहुँच गए। परिजनों द्वारा घटना की सूचना थाना बामौरकलां को दी गई। पुलिस ने फरियादी चंदन अहिरवार की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 79/2026, धारा 106(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से विवेचना कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों या अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। इस दुखद घटना के संबंध में आगे की कानूनी कार्यवाही और जाँच जारी है।

# झाबुआ पुलिस की मुस्तैदी: 2.52 लाख की साइबर ठगी करने वाला आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

सलीम हुसैन




झाबुआ। थाना थांदला पुलिस ने तत्परता, तकनीकी दक्षता एवं साइबर इनपुट के प्रभावी उपयोग से ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का मात्र तीन दिनों में खुलासा करते हुए आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अन्य खातों में ट्रांसफर किए गए 2,06,493 की रकम भी होल्ड कराकर सुरक्षित कराई है। सस्ते मोबाइल का झांसा देकर की 2.52 लाख की ठगी घटना 6 जून 2026 की है। जवाहर मार्ग, थांदला निवासी एवं मोबाइल शॉप संचालक रवि पिता प्रकाशचंद्र गादिया को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कॉल किया गया। आरोपी ने स्वयं को मोबाइल का बड़ा डीलर बताते हुए वीवो कंपनी के 20 मोबाइल फोन कम कीमत पर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। आरोपी के झांसे में आकर फरियादी ने कुल 2,52,680 की डील तय की तथा आरोपी के बैंक खाते में निम्नानुसार राशि स्थानांतरित की—

- **RTGS के माध्यम से: 1,92,000**
- **PhonePe के माध्यम से: 60,680**

राशि प्राप्त होते ही आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। स्वयं के साथ धोखाधड़ी होने का एहसास होने पर फरियादी ने तत्काल थाना थांदला पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना थांदला में अपराध क्रमांक 323/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) एवं 319(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## महाराष्ट्र के पालघर से आरोपी गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में साइबर सेल झाबुआ एवं थाना थांदला की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। थाना प्रभारी थांदला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को तत्काल पालघर (महाराष्ट्र) रवाना किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रोशन पिता राजेंद्र शर्मा, निवासी ओल्ड मनोहर रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के पास, थाना एवं जिला पालघर (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं बैंक खातों की जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ठगी की राशि को विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहा था। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक समन्वय के माध्यम से अन्य खातों में ट्रांसफर किए गए 2,06,493 की रकम भी होल्ड कराकर सुरक्षित कराई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## फिशिंग श्रेणी का साइबर फ्रॉड -

प्रारंभिक जांच में यह मामला फिशिंग एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की श्रेणी का पाया गया है, जिसमें आरोपी आकर्षक ऑफर, लालच या झूठे व्यापारिक प्रस्ताव देकर लोगों से ऑनलाइन माध्यम से राशि प्राप्त कर लेते हैं और बाद में संपर्क समाप्त कर देते हैं।

## झाबुआ पुलिस की अपील -

झाबुआ पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर बड़ी ऑनलाइन राशि का लेन-देन न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल(NCRP) पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते राशि को होल्ड कर नुकसान को कम किया जा सके।

# सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा जीवन को सार्थक दिशा प्राप्त होती है

लोगों को समय और जीवन बर्बाद करते देख मन में बहुत चिंता सी होती है किस तरह लोग अपना समय व्यर्थ, कर रहे हैं। क्या केवल खाना-पीना, मौज - मस्ती करना ही जीवन है ? क्या केवल मंदिर जाना, पूजा-पाठ, करना तीर्थ करना ही धर्म का सार है देखिए आपको क्या लगता है? सोचकर देखिए आखिर जीवन क्या है? जीवन का उद्देश्य क्या है क्या आप यूं ही जीवन व्यतीत करते-करते पंचतत्व में विलीन होना चाहते हैं? सोचिए आप किस तरह अपना जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। जरा, सोचिए ऐसी कौनसी शक्ति है, जो सारे संसार को चालना देती है कौनसी सी शक्ति है जो आपको चला रही है? आपका हृदय कौन चला रहा है ? आपकी श्वासों का नियंत्रण कैसे हो रहा है? कौन सी शक्ति है, जो शरीर को स्वस्थ रखती है? सोचकर देखिए संसार में इतने जीवंत कार्य किस प्रकार हो रहे हैं?, अलग-अलग फूलों का खिलना, पेड़ों का बढ़ना, जन्म-मरण आदि । कभी सोचा है, ईश्वर कौन है? यदि आप ईश्वर की शक्ति महसूस करना चाहते हैं तो स्वयं का आत्म परीक्षण कर अपनी शक्ति से अपनी आत्मा से साक्षात्कार कीजिए जो केवल कुंडलिनी जागरण से ही संभव है। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण के पश्चात् आप उस परमेश्वरी शक्ति से एकाकार हो जाते हैं जो इस ब्रह्माण्ड को चला रही है। इसके लिए आपको अंतस्थ होना होगा ध्यान के माध्यम से आप इस स्थिति को बड़ी सहजता और सरलता से प्राप्त कर सकते हैं। ध्यान के माध्यम से आपकी शक्ति जागृत होती है जो धीरे-धीरे सूक्ष्म चक्रों से गुजरती है और उन्हें प्लावित करती है। इस शक्ति के माध्यम से आपका शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक हर स्तर का विकास होता है। हम वर्तमान में जीना सीखते हैं। भूत, भविष्य की बेड़ियों से मुक्त हो कर साक्षी स्वरूप हो जाते हैं। आनंद के उस शिखर पर स्थापित हो जाते हैं जहां मात्र निरानंद, शांति और सुकून होता है। सुख-दुख, जीवन - मरण के बंधन छूट जाते हैं तथा उस शक्ति से एकाकार हो जाते हैं जिसने हमें बनाया है। सहजयोग ध्यान के माध्यम से अपनी शक्तियों की अनुभूति प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा वेबसाइट www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव निःशुल्क है।



# सहजयोग मस्तिष्क परे जाकर विकसित होना है : श्री माताजी

श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान की वो सनातन पद्धति है जिसे आधुनिक वैज्ञानिकों व चिकित्सकों ने भी स्वीकार किया है। मनुष्य की जिन शारीरिक व मानसिक जटिलताओं को आधुनिक विज्ञान समझ नहीं सका उन्हें सहजयोग द्वारा समझाया गया है। विभिन्न शारीरिक रोगों में, मानसिक तनाव को दूर करने में, कृषि का उत्पादन बढ़ाने में, वातावरण की नकारात्मकता को दूर करनेमें सहजयोग ने अवर्णनीय प्रभाव दिखाया है। परंतु इसका वास्तविक उद्देश्य कहीं व्यापक है यह आत्मा के परमात्मा से योग का साधन है इसके पश्चात समस्त बाधाएं स्वयं ही समाप्त हो जाती हैं। यह जीवंत अनुभव है जिसे पढ़कर नहीं समझा जा सकता सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि,

“सहजयोग को मानसिक न बनाएं। आप इसे मानवीय चेतना के माध्यम से नहीं समझ सकते। मैंने आपको सैंकड़ों बार कहा है कि आप अपने दिमाग की सीमित क्षमता से सहजयोग को नहीं समझ सकते। अपने हृदयों को खोलें।.. आपको सहजयोग में विकसित होना होगा। यह समझ लें कि आपको अपने दिमाग के पार जाकर विकसित होना है। अपने मस्तिष्क या बुद्धि से, अगर हम समझ पाते, या हम अपना उत्थान पा लेते, तो यह इसे पाने का सबसे आसान तरीका होता। लेकिन नहीं, प्रत्येक मानव के पास एक सीमित सोच वाला दिमाग है। तो कोई इस ओर जाता है। कोई उस तरफ जाता है। कोई उस तरफ जाता है। और इसी तरह हमारे सामने युद्धों की समस्या है। हमारी समस्या यह है कि हर किसी का दृष्टिकोण अलग-अलग होता है। (18 जुलाई 1994) परंतु शाश्वत सत्य एक है अतः अपने आप को इस भ्रम, संदेह व भटकाव से बाहर निकल कर सत्य के अनुभव का एक अवसर अवश्य प्रदान करें।ध्यान की इस वैज्ञानिक एवं पूर्णतः निःशुल्क पद्धति की अधिक जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 18002700800 अथवा www.sahajayoga.org.in पर संपर्क करें।



# एसएसपीएसएसआई अकादमी की सर्टिफिकेट सेरेमनी में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, मेकअप आर्टिस्ट्स ने बिखेरा हुनर का जलवा

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। सौंदर्य शिक्षण प्रशिक्षण सोशल संस्था द्वारा संचालित एसएसपीएसएसआई अकादमी की ओर से मामा बॉक रिसोर्ट में भव्य सर्टिफिकेट सेरेमनी एवं टैलेंट शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 50 से अधिक दुल्हनों एवं 50 से अधिक मेकअप आर्टिस्ट्स ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ, प्रशिक्षु छात्राएं एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ब्यूटी एवं मेकअप क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उनके हुनर को एक बेहतर मंच प्रदान करना था। समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के ब्राइडल, पार्टी और क्रिएटिव मेकअप लुक प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। मेकअप आर्टिस्ट्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य ने यह साबित किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में रोजगार और स्वरोजगार की असीम संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं।



समारोह का मुख्य आकर्षण कैटवॉक प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधानों और शानदार मेकअप के साथ मंच पर आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति दी। प्रोफेशनल मॉडल्स और प्रशिक्षु मेकअप आर्टिस्ट्स ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी प्रस्तुति, व्यक्तित्व, ड्रेस कोड, आत्मविश्वास और निर्धारित नियमों के पालन के आधार पर किया गया। निर्णायकों द्वारा किए गए मूल्यांकन के बाद कोकिल को प्रथम स्थान रिया,को द्वितीय स्थान तथा उमा को तृतीय स्थान कोकिला को प्रदान किया गया।

विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर अकादमी की प्रिंसिपल एवं मध्य प्रदेश ब्यूटी एसोसिएशन की प्रेसिडेंट श्रीमती सुनीता विनोद जायसवाल ने कहा कि ब्यूटी इंडस्ट्री आज रोजगार का एक बड़ा माध्यम बन चुकी है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि एसएसपीएसएसआई अकादमी, होटल सायाजी के सामने, विजयनगर इंदौर में स्थित है तथा यह शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान है। यहां बेसिक से लेकर एडवांस स्तर तक के प्रोफेशनल ब्यूटी, हेयर, स्किन एवं मेकअप कोर्स संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। उत्साह, उमंग और रचनात्मकता से भरपूर यह समारोह प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ ब्यूटी एवं मेकअप क्षेत्र में नए अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सफल रहा। आयोजन ने यह संदेश दिया कि सही प्रशिक्षण, समर्पण और मेहनत के बल पर युवा अपने सपनों को नई उड़ान दे सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )